आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 25.07.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर कल करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे।
- देश में पिछले दस वर्षों में संस्थापित बिजली उत्पादन क्षमता में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई।
- विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की साधु–संतों पर टिप्पणी को लेकर जमकर हंगामा हुआ।
- प्रदेश में कई स्थानों पर आज अच्छी बारिश – मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में मानसून सक्रिय रहने की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25वें करगिल दिवस के अवसर पर कल करगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। श्री मोदी सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री शिनकुन ला सुरंग परियोजना के निर्माण कार्य की वर्चुअली शुरूआत करेंगे। चार किलोमीटर से अधिक लंबी यह ट्विन ट्यूब सुरंग लेह को सभी परिस्थितियों में देश के अन्य हिस्सों से जोड़ेगी। लगभग 15 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर बनाई जाने वाली यह सुरंग दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग होगी। इस सुरंग से न केवल सशस्त्र बलों और उपकरणों की तेज और कुशल आवाजाही होगी बल्कि इससे लद्दाख को आर्थिक और सामाजिक रूप से बढ़ावा भी मिलेगा।

000

करगिल विजय दिवस पर कल भरतपुर के लोहागढ स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक पर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जायेगी। इस दौरान वीरांगनाओं का सम्मान किया जाएगा और देश के लिये कुर्बान हुए सैनिकों की शहादत को याद किया जाएगा ।

000

प्रदेश में करगिल विजय दिवस की रजत जयंती के सिलसिले में वीर सैनिकों के सम्मान स्वरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जैसलमेर में सीमा जन कल्याण समिति द्वारा बरमसर के स्कूल में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान गांव के पूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया गया। समिति द्वारा विद्यालय परिसर में करगिल वाटिका बनाकर पौधा रोपण किया गया।

000

नीमका थाना जिले के बलमदासपुरा गांव में देश के लिये प्राण न्यौछावर करने वाले सूबेदार सवाई सिंह तंवर की मूर्ति का आज अनावरण किया गया। सूबेदार सवाई सिंह तंवर 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए थे। सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर और कर्नल अजय शर्मा ने

उनकी मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान उनके परिवार का भी सम्मान किया गया। गौरतलब है कि 1971 भारत–पाकिस्तान के युद्ध के दौरान सबेदार सवाई सिंह तंवर बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात थे और 30 मई 1971 को पूरी बहादुरी के साथ उन्होंने दुश्मन को धूल चटाते हुए देश की रक्षा करते–करते अपनी जान गंवा दी।

000

देश में पिछले दस वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता में लगभग 80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में ऊर्जा राज्यमंत्री श्रीपद नाइक ने कहा कि बिजली उत्पादन क्षमता इस वर्ष जून महीने में चार लाख छियालीस हजार एक सौ नब्बे मेगावॉट हो चुकी है। यह क्षमता मार्च 2014 में दो लाख 48 हजार पांच सौ 54 मेगावॉट थी। श्री नाइक ने कहा कि कोयला आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2014 की एक लाख 39 हजार छह सौ 63 मेगावॉट से बढकर अब दो लाख दस हजार नौ सौ 69 मेगावॉट हो चुकी है। नवीकरणीय क्षेत्र की क्षमता 75 हजार पांच सौ 19 मेगावॉट से बढकर एक लाख 95 हजार 13 मेगावॉट हो चुकी है। श्री नाइक ने कहा कि भारत गैर–जीवाश्म आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2031–32 तक पांच लाख से अधिक करने के प्रति वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि पांच लाख मेगावॉट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का एकीकरण करने के लिए पारेषण योजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है।

000

विधानसभा में आज कांग्रेस विधायक श्रवण कुमार की साधु–संतों पर टिप्पणी को लेकर जमकर हंगामा हुआ। सूरजगढ विधायक श्रवण कुमार ने कल पशुपालन विभाग की अनुदान मांग पर चर्चा के दौरान बाबाओं को लेकर सदन में बयान दिया था। आज भोजनावकाश के बाद मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने यह मामला उठाते हुए कहा कि विधायक के बयान से सभी को ठेस पहुंची है और इस पर उन्हें माफी मांगनी चाहिए। तिजारा विधायक बाबा बालकनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन संस्कृति का अपमान किया है। इस पर पक्ष विपक्ष में बहस हो गयी और हंगामा हो गया, इस कारण विधानसभा की कार्यवाही थोड़ी देर के लिए स्थगित करनी पड़ी। स्पीकर वासुदेव देवनानी द्वारा श्रवण कुमार की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाने और उन्हें भविष्य में इस तरह के शब्द प्रयोग नहीं करने के निर्देश दिये। सहकारिता विभाग की मांग पर चर्चा के दौरान श्रवण कुमार बोल रहे थे तो सदन में भाजपा विधायकों ने उनके बयान पर फिर हंगामा किया।

000

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आज विपक्षी नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने देश के जनादेश का अपमान किया है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि देश चाहता है कि बजट पर एक सार्थक चर्चा हो, लेकिन जिस तरह से कुछ दलों के नेताओं ने टिप्पणी की और भाषण दिया उससे सदन की गरिमा गिरी है। उन्होंने विपक्षी दलों के सदस्यों से जनादेश का सम्मान करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हवाला देते हुए श्री रिजिजू ने कहा कि चुनाव खत्म हो गए हैं और अब विकसित भारत की दिशा में काम करने और केन्द्रीय बजट पर रचनात्मक चर्चा करने पर ध्यान केन्द्रित करना

चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी नेताओं ने बजट पर कुछ नहीं कहा, वे सिर्फ राजनीति करते रहे। उन्होंने कहा कि बजट का लक्ष्य भारत को तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनाना है और इस बजट में महिलाओं, किसानों, रोजगार के साथ–साथ बुनियादी ढांचे के विकास के लिए आवंटन किया गया है।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर आज भी अच्छी बारिश हुई है। झालावाड़ में 12 बजे से शाम तक रूक–रूककर बारिश का दौर जारी रहा। दोपहर बाद जयपुर में भी हल्की बरसात हुई। कोटा शहर में आज करीब दो घंटे मूसलाधार बारिश हुई, जिससे नाले में उफान आ गया। साथ ही निचली बस्तियों में पानी भर गया। बूंदी जिले में भी आज खूब पानी बरसा। जिले के नैनवा में 119 मिलीमीटर बरसात हुई। चित्तौड़गढ जिले में कई स्थानों पर अच्छी वर्षा के समाचार हैं। शहर में एक घंटे जमकर पानी बरसा। पाली में सुबह से आसमान में बादल छाये रहे। प्रदेश के कई अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने के समाचार मिले हैं। मौसम विभाग के अनुसार ट्रफ लाइन आज गंगानगर, जयपुर से होकर गुजर रही है। इसके चलते आज उदयपुर, कोटा, अजमेर संभाग के कुछ हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश और कहीं–कहीं भारी बारिश वर्षा होने की संभावना है।

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में भी प्रदेश में मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति पद पर अपने दो वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन स्थित डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के नौवीं कक्षा के छात्रों को पढ़ाया। छात्रों के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने आधुनिक दौर की विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा की। जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न गंभीर चुनौतियों पर जोर देते हुए, राष्ट्रपति ने छात्रों से पर्यावरण की रक्षा के लिए थ्री–आर नियम का पालन करने, रिडयूज, रीयूज और रीसाइकल करने के लिए कहा। राष्ट्रपति ने छात्रों से लोगों को इन समस्याओं के बारे में आगाह करने और इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने में योगदान देने के लिए भी कहा।

000

जयपुर के जगदगुरू रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय का छठा दीक्षान्त समारोह शनिवार को आयोजित किया जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 27 विद्यार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि जबकि 12 को स्वर्ण पदक प्रदान किये जायेंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि पद्मविभूषण जगद्गुरू रामभद्राचार्य होंगे।

0000

सलूंबर में पहल योजना के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान सरपंच और स्थानीय प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शिविरों में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने लाभार्थियो से सीधा संवाद किया। जिला कलेक्टर जसमीत ने कहा

की गांव–ढाणी में जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार–प्रसार कर इन योजनाओं से वंचित सभी पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने के प्रयास किये जायेगें।

000

बूंदी के गुढानाथावतान में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें अतिरिक्त जिला कलक्टर घनश्याम शर्मा ने ग्रामीणों की परिवेदनाएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से उनका मौके पर ही समाधान करवाया। रात्रि चौपाल के दौरान 40 से अधिक शिकायतें रखी गयीं। हनुमानगढ़ जिले में ललाना बास उतराधा में रात्रि चौपाल लगाई गई। जिला कलेक्टर कानाराम ने इसमें लोगों की बिजली, पानी, शिक्षा संबंधी समस्याएं सुनी।

000

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा है कि लोक अदालतें न्यायालयों के बाहर विवादों को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में न्यायमूर्ति खन्ना ने लोगों को सलाह दी कि वे इस महीने की 29 तारीख से तीन अगस्त तक होने वाली आगामी विशेष लोक अदालतों की सेवाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित विशेष लोक अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी सुनवाई की सुविधा होगी।

000